jagojanma@gmail.com
App-jagojanmat
www.jagojanmat.com

सच की बात, भरोसे के साथ

# जागो जनमत

राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश
डिजिटल पेज

गुरुवार
27 जुलाई 2023

सम्पूर्ण डिजिटल मीडिया के साथ

# महिला निधि क्रेडिट को ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड का ऋण वितरण एवं पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित

जागो जनमत संवाददाता




**कोटा।** ग्रामीण विकास विभाग राजस्थान सरकार द्वारा स्थापित राजस्थान महिला निधि क्रेडिट कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के माध्यम से राजीविका के स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका बढ़ाने के लिए ऋण वितरण एवम पोस्टर विमोचन कार्यक्रम जिला परिषद सभागार आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासन सचिव एवम राज्य मिशन निदेशक श्रीमती मंजू राजपाल, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्य परिचालन प्रबंधक केवम मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री सौम्या झा ,मुख्य कार्यकारी अधिकारी महिला निधि श्री आर एस जोधा,,सीईओ जिला परिषद कोटा श्रीमती ममता तिवारी ,एसीईओ जिला परिषद श्रीमती सरिता जी कोटा रहे।

कार्यक्रम के बारे में बताते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक केशव चौरसिया ने बताया की महिला निधि द्वारा राजीविका समुहो से जुड़ी हुई महिला सदस्योंको व्यक्तिगत रूप से ऋण वितरण किया जा रहा है इसी क्रम में बारां ,कोटा झालावाड़ एवम बूंदी जिले में 10 जुलाई से20 जुलाई तक विशेष अभियान का आयोजन किया गया था जिसके तहत 1261 सदस्यों को 5 करोड़ 4 लाख रुपये के ऋण आज मुख्य अतिथि के द्वारा वितरित किये गए है। जिसमे बारा जिले में सर्वाधिक 513 सदस्यों को 2 करोड़ 5 लाख व कोटा में एक करोड़ व झालावाड़ में 1करोड़ 84 लाख का ऋण वितरित किया गया ।उक्त सभी जिलों में मार्च से लेकर जुलाई माह तक 3700 सदस्यों को लगभग 15 करोड़ की राशि अब तक वितरित की जा चुकी है।

कार्यक्रम में महिला निधि की विशेषताओं एवम उपलब्धि को लेकर पोस्टर को विमोचन किया गया ।इसके बाद मुख्य अतिथि द्वारा लाभार्थियों से संवाद कर चर्चा की गई ।ज्ञातव्य है कि महिला निधि की शुरुआत 26 अगस्त को महिला समानता दिवस पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा किया गया । राजस्थान सरकार द्वारा पारित की इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिला समूह सदस्यों को कम व्याज पर आसान प्रक्रिया के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाना है ।कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक कोटा नेहा चतुर्वेदी,जिला परियोजना प्रबंधक बारा श्री शैलेश रंजन एवम सहायक प्रबंधक लाडपुरा हीना बी, सांगोद अनुराधा, खैराबाद योगेंद्र, झालावाड़ सहायक प्रबंधक शाहीना, सहायक प्रबंधक सुरेन्द्र जी उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर बारां 28-07-2023

# जिले में सर्वाधिक 513 सदस्यों को 2 करोड़ 5 लाख के ऋण वितरित

## मार्च से जुलाई तक 3700 सदस्यों को लगभग 15 करोड़ की राशि वितरित की

बारां| ग्रामीण विकास विभाग राजस्थान सरकार द्वारा स्थापित राजस्थान महिला निधि क्रेडिट कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के माध्यम से राजीविका के स्वंय सहायता समूह की महिलाओं को आजीविका बढ़ाने के लिए ऋण वितरण एवं पोस्टर विमोचन किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासन सचिव एवं राज्य मिशन निदेशक मंजू राजपाल, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्य परिचालन प्रबंधक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौम्या झा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी महिला निधि आरएस जोधा, सीईओ जिला परिषद कोटा ममता तिवारी, एसीईओ जिला परिषद सरिता कोटा रहे। क्षेत्रीय प्रबंधक केशव चौरसिया ने बताया कि महिला निधि द्वारा राजीविका समूह से जुड़ी हुई महिला सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से ऋण वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में बारां, कोटा, झालावाड़ एवं बूंदी जिले में 10 से 20 जुलाई तक विशेष अभियान का आयोजन किया था। जिसके तहत 1261 सदस्यों को 5 करोड़ 4 लाख रुपए के ऋण मुख्य अतिथि के द्वारा वितरित किए है। जिसमें बारां जिले में सर्वाधिक 513 सदस्यों को 2 करोड़ 5 लाख व कोटा में एक करोड़ व झालावाड़ में 1 करोड़ 84 लाख का ऋण वितरित किया। सभी जिलों में मार्च से लेकर जुलाई तक 3700 सदस्यों को लगभग 15 करोड़ की राशि अब तक वितरित की जा चुकी है। कार्यक्रम में महिला निधि की विशेषताओं एवं उपलब्धि को लेकर पोस्टर को विमोचन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने लाभार्थियों से संवाद कर चर्चा की। महिला निधि की शुरुआत 26 अगस्त को महिला समानता दिवस पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा किया। राजस्थान सरकार द्वारा पारित की इस योजना का मुख्य उद्देश्य महिला समूह सदस्यों को कम ब्याज पर आसान प्रक्रिया के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाना है। कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक कोटा नेहा चतुर्वेदी, जिला परियोजना प्रबंधक बारां शैलेश रंजन एवं सहायक प्रबंधक लाडपुरा हीना बी, सांगोद अनुराधा, खैराबाद योगेंद्र, झालावाड़ सहायक प्रबंधक शाहीना, सहायक प्रबंधक सुरेंद्र उपस्थित रहे।



# राजीविका समूह की महिलाओं को 5 करोड़ 4 लाख रुपए के ऋण वितरित

## महिला निधि की विशेषताओं एवं उपलब्धि को लेकर पोस्टर का किया विमोचन

जननायक संवाददाता




कोटा। राजस्थान महिला निधि क्रेडिट को-ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के माध्यम से राजीविका के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आजीविका बढ़ाने के लिए गुरूवार को जिला परिषद सभागार में ऋण वितरण एवं पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शासन सचिव एवं राज्य मिशन निदेशक मंजू राजपाल रही।

क्षेत्रीय प्रबंधक केशव चौरसिया ने बताया कि महिला निधि द्वारा राजीविका समुहों से जुड़ी हुई महिला सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से ऋण वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में बारां, कोटा, झालावाड़ एवं बूंदी जिले में विशेष अभियान का आयोजन किया गया था। जिसके तहत 1261 सदस्यों को 5 करोड़ 4 लाख रुपए के ऋण आज मुख्य अतिथि ने वितरित किए। जिसमें बारां जिले में सर्वाधिक 513 सदस्यों को 2 करोड़ 5 लाख व कोटा में एक करोड़ व झालावाड़ में 1 करोड़ 84 लाख का ऋण वितरित किया गया। कार्यक्रम में महिला निधि की विशेषताओं एवं उपलब्धि को लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने लाभार्थियों से संवाद कर चर्चा की।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य परिचालन प्रबंधक केवम, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौम्या झा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी महिला निधि आर एस जोधा, सीईओ जिला परिषद कोटा ममता तिवारी, एसीईओ जिला परिषद सरिता मौजूद रही।

कार्यक्रम में जिला परियोजना प्रबंधक कोटा नेहा चतुर्वेदी, जिला परियोजना प्रबंधक बारां शैलेश रंजन, सहायक प्रबंधक हीना बी, अनुराधा, योगेंद्र, शाहीना और सुरेन्द्र उपस्थित रहे।